Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# भारतीय समाज : छवियाँ एवं वास्तविकताएँ

## ( Indian Society: Images and Realities )

## B.S.O.G.-171

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Vaishali Gupta*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## Get books by Post & Pay Cash on Delivery :

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# भारतीय समाज : छवियाँ एवं वास्तविकताएँ

## ( Indian Society: Images and Realities )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper–June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper–December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper–Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1-3

Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–2 (Solved) ........ 1


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

| 1. | सभ्यता और संस्कृति<br>( Civilization and Culture ) | 1 |
| 2. | भारत एक उपनिवेश के रूप में<br>( India as Colony ) | 11 |
| 3. | राष्ट्र, राज्य और समाज<br>( Nation, State and Society ) | 22 |
| 4. | भारत का गाँव<br>( Village of India ) | 30 |
| 5. | नगरीय भारत<br>( Urban India ) | 39 |
| 6. | भाषा और धर्म<br>( Language and Religion ) | 51 |
| 7. | जाति और वर्ग<br>( Caste and Class ) | 62 |

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


8. जनजाति और नृजातीयता ........ 76
( Tribe and Ethnicity )

9. परिवार और विवाह ........ 94
( Family and Marriage )

10. नातेदारी ........ 110
( Kinship )

11. वर्ग, सत्ता और असमानता ........ 124
( Class, Power and Inequality )

12. प्रतिरोध और विरोध ........ 134
( Resistance and Protest )


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

**भारतीय समाज : छवियाँ एवं वास्तविकताएँ**

**( Indian Society: Images and Realities )**

**B.S.O.G.-171**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. 'भारतीय सभ्यता की संस्कृति, अपने अतीत से प्रभावित रहती है। चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'परिचय', 'सांस्कृतिक सार का अध्ययन', पृष्ठ-3, 'भारत को संरचनात्मक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से देखना'

**प्रश्न 2. सिद्धांतवादियों द्वारा परिकल्पित भारत के विचार को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-12, 'भारत में भारतवादी दृष्टिकोण'

**प्रश्न 3. भारतीय ग्राम में 'लघु' एवं 'वृहत्' परम्पराओं के महत्त्व का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-31, 'लघु परंपरा, वृहत परंपरा', पृष्ठ-36, प्रश्न 3

**प्रश्न 4. भारत के ग्रामीण एवं नगरीय समाज किन तरीकों से अंतःसंबद्ध हैं? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-42, 'ग्रामीण नगरीय सातत्य'

**प्रश्न 5. जाति व्यवस्था में सामाजिक गतिशीलता की भूमिका की आलोचनात्मक जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-62, 'वर्ण और जाति'

**प्रश्न 6. नृजातीयता की संकल्पना एवं आयामों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-77, 'नृजातीयता संबंध से संबंधित अवधारणा'

**प्रश्न 7. दक्षिण भारतीय नातेदारी व्यवस्था के मुख्य आयामों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-113, 'दक्षिण भारत में नातेदारी प्रणाली'

**प्रश्न 8. भारत में पितृसत्ता के विरुद्ध नारीवादी प्रतिरोध की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-135, 'रमाबाई, ताराबाई और उसके परे : हिन्दूवादी पितृसत्ता के खिलाफ नारीवादी धर्म युद्ध'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

***December – 2022***

*(Solved)*

**भारतीय समाज : छवियाँ एवं वास्तविकताएँ** **B.S.O.G.-171**

**( Indian Society: Images and Realities )**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. भारतीय समाज के अध्ययन में संरचनात्मक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्यों की प्रासंगिकता की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'भारत को संरचनात्मक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से देखना'

**प्रश्न 2. उपनिवेशवादियों द्वारा कल्पित भारत के विचार का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-2, पृष्ठ-13, 'भारत का औपनिवेशिक दृष्टिकोण'

**प्रश्न 3. औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत में राजनीतिक एकीकरण की स्थापना कैसे की गई?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-3, पृष्ठ-22, 'परिचय', पृष्ठ-24, 'राजनीतिक एकीकरण', पृष्ठ-28, प्रश्न-3

**प्रश्न 4. ग्रामीण भारत में पंचायती राज व्यवस्था की संक्षेप में चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-4, पृष्ठ-30, 'परिचय', पृष्ठ-33, 'पंचायती राज व्यवस्था', पृष्ठ-38, प्रश्न-8

**प्रश्न 5. नगरीय भारत की समस्याओं एवं चुनौतियों की जाँच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-5, पृष्ठ-50, प्रश्न-9

**प्रश्न 6. भारत में भाषायी विविधता का ब्यौरा दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-6, पृष्ठ-51, 'परिचय', 'भारत : धार्मिक और भाषायी बहुलता का देश', पृष्ठ-52, 'भाषा धर्म, अंतराफलक/इंटरफेस प्रसंग मध्यकालीन', 'ब्रिटिश भारत और भाषा', 'संविधान और भारतीय बहुलता'

**प्रश्न 7. दक्षिण भारत की नातेदारी व्यवस्था के मुख्य पहलुओं की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-10, पृष्ठ-113, 'दक्षिण भारत में नातेदारी प्रणाली'

**प्रश्न 8. पंडिता रमाबाई के भारतीय समाज पर टिके नारीवादी परिप्रेक्ष्य के मद्देनजर, इनके योगदान की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-12, पृष्ठ-135, 'पंडिता रमाबाई', पृष्ठ-141, प्रश्न-2

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# भारतीय समाज : छवियाँ एवं वास्तविकताएँ
## ( Indian Society: Images and Realities )

## सभ्यता और संस्कृति
### ( Civilization and Culture )

1

### परिचय

विश्व में भारतीय सभ्यता का इतिहास सबसे पुराना है। भारत का महत्त्व अपनी सांस्कृतिक विविधता व अनेकता के लिए माना जाता है। भारत में जनसंख्या, भौगोलिक वातावरण, त्योहार, भाषा सभी में विविधता पाई जाती है। भारतीय सभ्यता के अध्ययन हेतु इसके चार वृहत दृष्टिकोणों को समझना जरूरी है। इतिहास से पता चलता है कि भारत में जनसंख्या के अनेक प्रकार के प्रवसन हैं, जिसके कारण यहाँ प्रजातीय, नस्लीय व धार्मिक विभिन्नता पाई जाती है। यहाँ लोगों के धर्म, वेशभूषा, बोली उनके प्रांत के अनुसार बदल जाती है। यहाँ लोगों में, क्षेत्रों में, जलवायु में विभिन्न प्रकार की भिन्नताएं पाई जाती हैं किंतु फिर भी ये भिन्नताएं भारतीय एकीकृत सभ्यता की राह में बाधा नहीं बनी।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### भारतीय सभ्यता को पढ़ने के दृष्टिकोण

सभ्यता की उत्पत्ति लेटिन शब्द 'सिविल' से हुई है जिसका अर्थ है 'नागरिक' या 'शहरवासी'। सभ्यता के अंतर्गत कृषि कार्य, व्यापार, कुछ नियोजित निवास स्थान, अनेक संस्कृति, कला, धर्म तथा कुछ राजनीतिक व प्रशासनिक संरचना आते हैं। सिंधु घाटी सभ्यता भारत की एक प्राचीनतम सभ्यता है जिसके बारे में हमें शिल्पकृतियों और स्मारकों से पता चलता है। भारतीय सभ्यता, इसके समाज व संस्कृति को समझने के लिए असंख्य विद्वतापूर्ण विवरण दिये गए हैं। कोहन (1971) के अनुसार इन विवरणों के आधार पर भारतीय सभ्यता को समझने हेतु चार व्यापक दृष्टिकोण दिये जा सकते हैं जो इस प्रकार हैं–

- सूची-पत्र दृष्टिकोण।
- सांस्कृतिक मूलतत्व दृष्टिकोण।
- सांस्कृतिक संचार का दृष्टिकोण।
- भारत को एक प्रकार के रूप में देखना।

**लक्षणों का सूचीपत्र बनाना**

इस दृष्टिकोण के अंतर्गत जिन लक्षणों, गुणों और अभिलेखन पर भारतीय माना गया हो उनकी आवश्यकता पर जोर देता है। भारत में भौगोलिक पारिस्थितिक, क्षेत्रीय या धार्मिक आधार पर भिन्नता पाई जाती हैं। जबकि दृष्टिकोण में बल इस बात पर दिया जाता है कि उन लक्षणों व गुणों की सूची तैयार करें जो प्रत्यक्ष रूप से भारतीय या फिर भारतीयता में अंशदान करते हैं।

**सांस्कृतिक सार का अध्ययन**

इस उपागम में आवश्यक रीति व प्रक्रिया की खोज को प्रधानता दी गई है। शुरू से ही भारत की संस्कृति भारतीय सभ्यता की प्रतिनिधित्व करती आई, किंतु गुण और तत्व नहीं। सांस्कृतिक मूल तत्व से भारत की सही पहचान का पता चलता है, जिसे भारत ने वर्षों के ऐतिहासिक और अनेक अन्य अनिवार्यताओं के कारण आत्मसात किया है। इससे पता चलता है कि भारत को सांख्यिकी रूप से मापा नहीं जा सकता।

**सांस्कृतिक संचार का अध्ययन**

सांस्कृतिक संचार दृष्टिकोण के अंतर्गत वे सभी तरीकें और 'प्रक्रियाएं' आती हैं जिसके माध्यम से सभ्यता व्यवस्था के तत्व समाज के विभिन्न स्तर पर हस्तांतरित व संचारित होते हैं। इससे भारतीय सभ्यता की संरचना के एकीकरण का बोध होता है। मानव समाज वैज्ञानिक मैकिम मैरियट (1995) और राबर्ट रेडफिल्ड (1956) ने कार्य सभ्यता के विभिन्न भागों को समझने के लिए

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



शोध किये। मैरियट ने उत्तर प्रदेश के छोटे से गाँव किशनगढ़ी में त्योहारों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सांस्कृतिक संयोग और वृहत व लघु परंपरा के बीच परस्पर लेन-देन को दर्शाया। रेडफील्ड ने ग्राम्य-नगरीय सततता पर शोध किया और वृहत परंपरा (महान) और लघु परंपरा के मध्य परस्पर क्रिया व संचार की सततता को दर्शाया जो कि दोनों के बीच में सहजीवी व आत्मनिर्भरता के संबंध को दिखाता है।

**भारतीय सभ्यता का एक प्रकार के रूप में विश्लेषण करना**

इस दृष्टिकोण के अंतर्गत भारतीय सभ्यता को अन्य समुदाय व संस्कृति के विपरीत एक भिन्न प्रकार के रूप में देखा जाता है। जिसमें भारतीय समुदाय को एक पारंपरिक समुदाय के रूप में देखा जाता है जो आधुनिकीकरण की प्रक्रिया का अनुभव कर रहा है और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया सांस्कृतिक, सामाजिक व ऐतिहासिक सिद्धांत का वर्णन करती है। इसका लक्ष्य यह है कि उन अलग मूल्यों और पहलूओं को छोड़ दिया जाए जो भारत की संरचना के लिए विशेष हैं किंतु इसका एक प्रकार इस आधार पर बनाए रखें जो इनकी दूसरे समाजों व संस्कृति से समानता या भिन्नता को दर्शाये तथा तब इस भिन्नता का परिक्षण किया जाए। उदाहरण के तौर पर यदि भारत को एक गाँव के समुदाय या कृषक समुदाय के रूप में देखा जाये तो अन्य समुदाय व संस्कृति के साथ तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकेगा। इसके विपरीत भारत को एक जाति समुदाय के रूप में देखना निरर्थक प्रयास होगा क्योंकि भारत के लिए जाति का विचार/घटना एक विशेष तथ्य है, इससे भारत की सांस्कृतिक/सामाजिक की तुलना की संभावना निरस्त होगी।

## भारत के भूगोल को समझना

भारत की सभ्यता का इतिहास काफी पुराना है, जो क्षेत्रीय रूप से वृहत परंपराओं और व्यवहार में भिन्नता व विशेष क्षेत्र की सामाजिक संरचनाओं को प्रकट करती है। (कोह्न (1971: 7)। भारत की विविधता और क्षेत्रीय विभिन्नता का वर्णन इसकी भौगोलिक भिन्नता के आधार पर किया जा सकता है। इसके अलावा भारत का प्राकृतिक भूगोल इसकी स्थायी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक स्वरूप की वृहत रूपरेखा की व्याख्या करता है, इसलिए यहाँ के भौगोलिक इतिहास को समझना जरूरी है।

कोह्न के अनुसार तीन क्षेत्र हैं जो भारत को मुख्य रूप से विभाजित करते हैं–

1. बारहमासी (Perennial) केंद्रीय क्षेत्र।
2. मार्ग क्षेत्र।
3. एकांत सापेक्ष क्षेत्र।

**बारहमासी (Perennial) केंद्रीय क्षेत्र**

उपजाऊ नदियों की घाटी, समतल व डेल्टा को बारहमासी क्षेत्र कहा जाता है, ये सभी ऐतिहासिक तौर पर मानव निवास स्थान, उच्च जनसंख्या घनत्व, राजनीतिक क्रियाकलापों व स्थित राज्य पद्धति के केन्द्र रहे हैं। इन स्थानों पर स्थिर कृषि व्यवसाय तथा हस्तशिल्प माल का केंद्र रहा है। भारत के उत्तर व दक्षिण दोनों में इस तरह के क्षेत्र पहचाने गए हैं। ऐतिहासिक नगर गांधार जो अब पाकिस्तान में है, वो उत्तर भारत में पेशावर के आस-पास नदी के बहाव और समतल क्षेत्र पहले केंद्रीय क्षेत्र के रूप में पहचाना गया। सतलुज-जमुना दोआब तथा गंगा-जमुना **दोआब** ने उत्तर के प्रमुख केंद्रीय क्षेत्रों को विकसित किया, इनमें कुरुक्षेत्र-पंचाल, कन्नौज, पानीपत, दिल्ली, आगरा शहर हैं, जिनका राजनैतिक-ऐतिहासिक अतीत बहुत ही सुंदर है। इन सभी क्षेत्रों में भाषा व जलवायु की भिन्नता पाई जाती है, जिससे यहाँ की कृषि पद्धतियाँ भी अलग-अलग हैं। दक्षिण भारत में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और मैसूर, ये पांच केन्द्रीय क्षेत्र हैं। आंध्र में तेलुगु भाषा बोली जाती है तथा इसकी संरचना घनी कृषि डेल्टा गोदावरी और कृष्णा नदी का क्षेत्र है। तमिलनाडु पाण्डय और चोल राजाओं का है, जोकि आज का मद्रास है और यहाँ तमिल भाषा बोली जाती है। इसमें पेन्नार नदी व कावेरी डेल्टा आती है तथा यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा बोली जाती है, इसकी समानता मैसूर के साथ है, क्योंकि दोनों क्षेत्र सूखी कृषि के लिए जाने जाते हैं। तमिलनाडु से भिन्न दोनों क्षेत्र छितर-बितर निवास स्थान हैं। केरल/मालावार भारत का दक्षिण-पश्चिम भाग है जहाँ नीलगिरी पर्वत श्रृंखला माला है, यहाँ वर्षा होती रहती है जिसके कारण इसकी एक अलग सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना है। यहाँ नायर संप्रदाय की मातृवंशीए व्यवस्था दिखती है, जो यहाँ के प्रमुख निवासी हैं। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की भाँति यहाँ गीले धान की कृषि उपज होती है।

**मार्ग क्षेत्र**

मार्ग क्षेत्र का एक अद्भुत उदाहरण मालवा है जो उत्तर भारत को दक्षिण तट और दक्खन से जोड़ता है। इस क्षेत्र की एक अलग सांस्कृतिक विशेषता है, यह अरावली तट के दक्षिण में स्थित है। यह एक अर्द्ध-शुष्क क्षेत्र है। मार्ग क्षेत्र में एकीकृत और स्थायी राजनीति स्थापित नहीं है। सापेक्ष एकांत क्षेत्र मानवीय निवास के लिए अपेक्षाकृत कम सहायक होता है, जैसेकि लद्दाख की मरुभूमि, जो ऊँचाई पर स्थित है और यहाँ छितरी हुई बसावट है।

**सापेक्ष एकांत क्षेत्र**

देश का उत्तर का भाग पर्वतों से घिरा है और यहाँ पर अनेक सापेक्ष एकांत क्षेत्र हैं जैसे–

*(i)* उत्तरी वृत्तखंड का क्षेत्र जोकि बालूचिस्तान और अफगानिस्तान का सीमांत क्षेत्र है। यहाँ असंगठित जनजाति का निवास है जो इस्लाम धर्म को मानती है।

*(ii)* गिलगिट और जम्मू-कश्मीर के आस-पास का क्षेत्र, इसके पास अपूर्व सांस्कृतिक प्रचलन एवं विरासत है, तथा यह क्षेत्र समतल के हिंदुओं से मिलता-जुलता है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



*(iii)* हिमालय के आस-पास का समतल क्षेत्र जोकि नेपाल, भूटान और सिक्किम की सीमा तक विस्तरित है तथा वह क्षेत्र जहाँ पर ब्रह्मपुत्र नदी असम में प्रवेश करती है। यहाँ पर दोहरी संस्कृति का प्रभाव है, तिब्बत का बौद्ध धर्म तथा हिंदुत्व जो समतल से प्रसारित हुआ है।

*(iv)* उत्तर-पूर्व का पहाड़ी और जंगली क्षेत्र, जोकि भारत और बर्मा के मध्य का भाग है। यहाँ पर अनेक जनजातियों का निवास है जिन पर दक्षिण-पूर्व का प्रभाव दिखता है।

*(v)* उत्तर-पश्चिम का एकांत क्षेत्र राजपूताना/मारवाड़ है। 10वीं सदी से यहाँ मुस्लिम आक्रमणकारियों से स्वयं को बचाने के लिए राजपूत तथा अन्य शरणार्थी आकर बस गए, इनकी संस्कृतियों का प्रभाव यहाँ पर रहने वाली जनजातियों पर भी पड़ा।

इसके अलावा केंद्रीय भारत में दो एकांत क्षेत्र हैं–

*(i)* विंध्य पहाड़ के साथ-साथ, पूर्वी गुजरात, नर्मदा नदी, पूर्वी बनारस का क्षेत्र, जहाँ से कैमूर पहाड़ दिखता है।

*(ii)* यह विंध्यपर्वत शृंखला, उत्तरी महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तरी-पश्चिमी उड़ीसा एवं दक्षिण-पूर्व बिहार के दक्षिण का पहाड़ी प्रदेश है।

## भारत को संरचनात्मक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से देखना

भारतीय सभ्यता की सामाजिक संरचना और संस्कृति पर इसका अत्यधिक प्रभाव दिखाई देता है। भारतीय समाज के इतिहास से पता चलता कि इसकी सामाजिक संरचना और संस्कृति के निर्माण में धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही है। पौराणिक और धार्मिक अतीत का संबंध राजनीतिक और पौराणिक के साथ है, जैसाकि पवित्र राजपद द्वारा प्राय: वर्तमान राजनीतिक वर्गीकृत तथा संबंधों को उचित साबित करने के लिए आवहन किया जाता है। विभिन्न आक्रमणों, प्रवासन तथा छिदित और स्वीकार्य धर्म से भारतीय जनसंख्या में विभिन्नता उत्पन्न की है। संरचनात्मक व सांस्कृतिक दृष्टि से भारतीय सभ्यता को उच्च स्तर पर विभाजित व स्तरित माना जाता है। हिंदुत्व को एक सैद्धांतिक धर्म नहीं माना गया है बल्कि इसे जीवन जीने का एक ढंग माना गया है। उप-महाद्वीप में बहुत से धर्म फले-फूले हैं जैसेकि-बौद्ध, जैन, सिक्ख तथा बाह्य धर्म जैसे–इस्लाम और इसाई धर्म को भी स्वीकार किया गया है। आज की सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था ने अतीत की तुलना में अधिक महत्त्वपूर्ण रूप ले लिया है; जैसे–जाति-व्यवस्था, वर्ण-व्यवस्था आदि। वर्तमान भारत में व्यक्ति की पहचान उसकी जाति और वर्ण से होती है। धार्मिक अतीत के अलावा संस्कृति की पहचान में नातेदारी समूह व पूर्वजों की पहचान भी विशेष महत्त्व रखती है। वर्ण व जाति व्यवस्था नातेदारी व्यवस्था से ऊपर रहती है। समाज में विवाह संबंध वर्ण व जाति के अनुसार बनाये जाते हैं। जिन समाजों में नातेदारी आज भी महत्त्वपूर्ण महत्त्व रखती है वहाँ पीढ़ी या खून की शत्रुता का विचार भी चलता है, इसके अंतर्गत ऐसे दो परिवार जिनमें पहले शत्रुता रही हो उनमें विवाह संबंध नहीं हो पाते। नातेदारी और जाति व्यवस्था का प्रभाव सामाजिक गतिशीलता को भी प्रतिबंधित करता है, ये लोगों को उन समूहों तक सीमित रखता है जो वर्तमान की अपेक्षा अतीत से पहचाने जाते हैं। किंतु आधुनिक युग में इस व्यवस्था में परिवर्तन आया है, विशेषकर 19वीं सदी के अंत से जब से राष्ट्रवादी नेताओं ने भारत को एक राष्ट्र के रूप में तथा जनसंख्या को एक इकाई के रूप में पहचान दी है। 1947 में देश के आजाद होने के साथ इसे एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया है। भारत में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है सभी धर्मों को एक समान महत्त्व देना ताकि पश्चिमी राष्ट्रों की भाँति किसी भी धर्म को न मानना। यहाँ राष्ट्रीय चिन्ह बनाने के लिए सभी धर्मों के प्रतीकों का उपयोग किया गया है। इसीलिए झंडे में बौद्ध धर्म के नियम पहिया है। राष्ट्रीय चिह्न शेर से बना हुआ है, जो बौद्ध के राजा अशोक के स्तम्भ से लिया गया है, राष्ट्रीय गान में जन, गन, मन को संबोधित किया गया है जिसका अर्थ भारत के लोग और क्षेत्र से है, जोकि अंतर्निहित विभिन्नताओं के बावजूद भी इसकी एकता को दर्शाता है। राष्ट्रवादी नेता जवाहर लाल नेहरू का विचार था कि भारत को "अनेकता में एकता" का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

## भारतीय सभ्यता के एकता पर विमर्श

भारतीय सभ्यता की एकीकृत पहचान हमेशा विवाद का मुद्दा रही है। इस विषय पर इम्ब्री तीन अलग-अलग विचार प्रकट करते हैं। एक समूह उनका है जो भारतीय सभ्यता के एकीकरण को अस्वीकार करते हैं, दूसरे वो जिन्होंने भारत को सभी धर्मों को आत्म-सात करने वाली एकीकृत इकाई के रूप में देखा है। तीसरे समूह में भारत को एक मिश्रित संस्कृति का देश मानने वाले हैं। पहले समूह के विचारक भूगोल समीक्षकों से सहमत हैं जो भारत को ऐतिहासिक रूप से बारहमासी (Perennial) केंद्रीय क्षेत्र द्वारा निर्मित मानते हैं, जिसने इसके क्षेत्रीय भूगोल और सामाजिक-सांस्कृतिक व राजनीतिक इतिहास को बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दृष्टिकोण के अनुसार भारतीय सभ्यता में पाई जाने वाली विभिन्नता इसके क्षेत्रीय भूगोल की विभिन्नता के कारण ही है। यह दृष्टिकोण क्षेत्रीयता की अवधारणा पर प्रकाश डालता है। हॉबसन-जॉनसन और स्ट्रैची के अनुसार भारत में क्षेत्रीयता की उत्पत्ति औपनिवेशिक शासन के कारण हुई, जिसने भारतीय सभ्यता को एक ताकत प्रदान की, यह औपनिवेशिक विलय के द्वारा कृत्रिम रूप से बनाई गई है। इन सबके विचारानुसार भारत अनेक क्षेत्रों

www.neerajbooks.com

वाला देश है, इसीलिए यहाँ के निवासियों को भारतीय के रूप में देखना गलत होगा। इस संकल्पना के विपरीत राष्ट्रवादी नेताओं ने भूगोलिक, राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक एकता को यहाँ की सभ्यता की विरासत माना है। इसके समर्थकों का मानना है कि केंद्रीय क्षेत्र के ऐतिहासिक भूगोल को लगातार महत्त्व देने के बाद भी भारतीय सभ्यता वहाँ वास्तविकता में निहित है। तीसरा दृष्टिकोण कि भारतीय सभ्यता को शुरू में अनेकता में एकता का सूचक माना जाता है, यह विचार वीनसेंट स्मिथ की आक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया, 1919 में पाया गया है। दूसरी संस्कृतियों से भारतीय सभ्यता के तुलनात्मक अध्ययन के लिए इसको उपयुक्त उक्ति माना गया है, जबकि एम्ब्री भारतीय सभ्यता के विषय में इस विचार को निरस्त करते हैं। एम्ब्री दूसरे विचार के समर्थन में भारतीय एकता के लिए ब्राह्मणवादी विचारधारा और परंपरा को श्रेय देते हैं। इसको वो हिंदुओं की व्यापक शक्ति तथा जनसंख्या का बहुमत मानते हैं। उनके अनुसार पारंपरिक पाठों में ब्राह्मणों की विचारधारा को प्रमाणित किया हुआ है तथा इन्हें जीवन के सिद्धांत के रूप में अपनाया गया है, यह ज्यादातर भारतीय जनसंख्या के जीवन को एक अर्थ प्रदान करता है, अतः इसे भारतीय एकता का एक महत्त्वपूर्ण बिंदु माना गया है। ब्राह्मणवादी विचारधारा के महत्त्वपूर्ण तत्व हैं–कर्म और देह धारण की विचारधारा, धर्म की अवधारणा, ब्राह्मण और रीति-रिवाज से संबंधित कर्म विन्यास पर आधारित व्यवस्था। यह ब्राह्मणवाद की संस्कृति ही थी, जिसने वंशवाद द्वारा इस्लामिक शासन के दौरान शासकों को संरक्षण दिया। एम्ब्री के अनुसार जो दूसरा पहलू है वो भारतीय सभ्यता के विषय में है अर्थात इसका राजनीतिक-ऐतिहासिक पहलू, जोकि बाह्य शक्ति इस्लामिक और यूरोपियन के कारण बनता है–यह भारतीय सभ्यता को एकीकृत करने वाली उपनिवेशवादी और राष्ट्रवादी कल्पना शक्ति के विरुद्ध जाता है। राष्ट्रवादियों का मानना है कि भारतीय इतिहास के सृजनकर्ता मौर्या और गुप्ता शासक रहे हैं। यह तथ्य उस बात का खंडन करता है जो कहते हैं कि भारतीय राजनीतिक एकता का कारण औपनिवेशवाद है। एम्ब्री के मतानुसार भारतीय सभ्यता के एकीकरण का मूल कारण ब्राह्मणवादी व्यवस्था और उपनिवेशवाद है। एम्ब्री के विचार से ब्राह्मणों की विचारधारा तथा बाहरी देशों के हस्तक्षेप के कारण ही यहाँ पर क्षेत्रवाद की उत्पत्ति हुई। यूरोप में स्थिति इससे अलग थी, वहाँ लगभग 25 राष्ट्र राज्य हैं। यूरोपियन चर्च से बिल्कुल अलग भारतीय ब्राह्मणवादी परंपरा राजा को सार्वभौमिक व्यवस्था के केंद्र में रखती है।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्न वाक्यों को पूरा करें–**

**(i) सांस्कृतिक संचार में संलग्न है..................**

**(ii) ....................और..................दो प्रसिद्ध सामाजिक मानववैज्ञानिक भारतीय सभ्यता के सांस्कृतिक वार्तालाप तरिका में संलग्न हैं।**

**(iii) भारतीय सभ्यता को एक प्रकार के रूप में वर्गीकृत करने पर..............लागू होता है अपेक्षाकृत उन पहलुओं की जांच पर जोर देता है जो कि भारतीय समाज की संरचना के लिए अलग और अनोखे हैं।**

उत्तर–(i) वह मार्ग/प्रक्रिया जिससे सभ्यता के तत्व समाज के अनेक स्तरों से हस्तांतरित और संचारित किये जाते हैं।

(ii) मैकिम मैरियट और राबर्ट रेडफिल्ड।

(iii) अन्य समाज और संस्कृति से तुलना जो समानता दर्शाती हो।

**प्रश्न 2. भारतीय सभ्यता को समझने के लिए लक्षणों को सूचीबद्ध करना सांस्कृतिक आवश्यकता दृष्टिकोण से कैसे अलग है? तीन वाक्य में वर्णन करें।**

उत्तर–भारतीय सभ्यता को समझने के लिए लक्षणों को सूचीबद्ध करने के अंतर्गत उन संस्थानों, लक्षणों तथा गुणों के अभिलेखन पर जोर दिया जाता है जो निश्चित रूप से भारतीय माने जाते हैं। भारत विविधताओं का देश है, ये विविधताएं भौगोलिक, पारिस्थितिक, क्षेत्रीय या धार्मिक हो सकती हैं। इस दृष्टिकोण में भारतीय विभिन्नताओं की सूची बनाने पर जोर दिया जाता है। जबकि सांस्कृति आवश्यकता दृष्टिकोण यह बताता है कि भारतीय सभ्यता का आभास इसकी संस्कृति से होता है जो सदियों पुरानी है तथा जिसे मापा नहीं जा सकता। सांस्कृतिक गुण भारतीय सभ्यता की पहचान है जो इसे अन्यों से अलग करती है, जैसे–'अनेकता में एकता', सहिष्णुता और भाईचारा, धर्म और आध्यात्म। यह लोक-चरित्र है, जोकि अमूर्त है अतः इसे ना तो सूचीबद्ध किया जा सकता है और ना ही नापा जा सकता है।

**प्रश्न 3. निम्न वाक्यों को पूरा करें।**

**(i) मानव निवास के लिए.................अगम्य और भौगोलिक रूप से कम सहायक है।**

**(ii) बहुवर्षीय (Perennial) केन्द्रीय क्षेत्र में संलग्न है .............।**

**(iii) मालवा एक विशेष उदाहरण प्रस्तुत करता है.......।**

**(iv) सामाजिक और सांस्कृतिक रुप में मार्गी क्षेत्र है............।**

उत्तर–(i) प्रासंगिक एकांत क्षेत्र।

(ii) बेसिन, समतल और डेल्टा।

(iii) मार्ग क्षेत्र का।

(iv) वो सब चित्रित हैं, ना कि अलग सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना है।